राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–159/2024

राज्यपाल ने मधुबनी पेटिंग की सुप्रसिद्ध कलाकार गोदावरी दत्ता के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 14 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मधुबनी पेटिंग की सुप्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री गोदावरी दत्ता के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने अपने शोकोद्गार में कहा है कि गोदावरी दत्ता ने मधुबनी पेंटिंग को देश–विदेश में एक विशिष्ट स्थान दिलाने में महती भूमिका निभाई है। उनके निधन से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य, साहस एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....